42.3° अधिकतम
22.1° न्यूनतम
www.twitter.com/worldkhabarexpress
www.facebook.com/worldkhabarexpress
www.youtube.com/worldkhabarexpress
WORLD खबरें एक्सप्रेस
www.worldkhabarexpress.media
www.worldkhabarexpress.com
Daily Evening E-Paper

# सीएसए में एआई आधारित फैशन इलस्ट्रेशन प्रतियोगिता का आयोजन, छात्रों ने दिखाई रचनात्मकता



वर्ल्ड खबर एक्सप्रेस

**कानपुर।** चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (सीएसए) के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय में 'एआई के माध्यम से रचनात्मक फैशन इलस्ट्रेशन' विषय पर प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्नातक और परास्नातक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को पूर्व निर्धारित थीम के तहत वस्त्रों के विभिन्न टेक्सचर पर आधारित डिजाइन तैयार करने को कहा गया था। इसमें नेचुरल, ज्योमेट्रिकल, एब्स्ट्रैक्ट और स्टाइलाइज्ड डिजाइन के साथ टाई-एंड-डाई व बाटिक जैसे प्रभाव शामिल थे। छात्रों ने पहले हस्तनिर्मित फैशन इलस्ट्रेशन बनाए, इसके बाद उन्हें एआई टूल्स की मदद से डिजिटल रूप में परिवर्तित किया। साथ ही उपयोग किए गए प्रॉम्प्ट्स को भी प्रस्तुत किया गया।

निर्णायक मंडल में डॉ. संघमित्रा मोहापात्रा, डॉ. अलेना और डॉ. एकता शर्मा शामिल रहीं। उन्होंने प्रतिभागियों का मूल्यांकन रचनात्मकता, प्रस्तुति कौशल, एआई के प्रभावी उपयोग और प्रॉम्प्ट्स की गुणवत्ता के आधार पर किया।

कार्यक्रम का आयोजन परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग की डॉ. एकता शर्मा और विभाग प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह के निर्देशन में किया गया। संचालन डॉ. अंकिता यादव ने किया। इस दौरान अधिष्ठाता का कार्यभार संभाल रहीं डॉ. मुक्ता गर्ग भी उपस्थित रहीं और उन्होंने छात्रों का उत्साहवर्धन किया।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, फैशन की समझ और एआई आधारित डिजिटल कौशल को बढ़ावा देने में सहायक सिद्ध होते हैं।

DT दीनार टाइम्स



# सीएसए में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से रचनात्मक फैशन इलस्ट्रेशन प्रतियोगिता का हुआ सफल आयोजन



संवाददाता/ डीटीएनएन

कानपुर। चन्द्रशेखर आज़ाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय के परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग द्वारा 卐एआई के माध्यम से रचनात्मक फैशन इलस्ट्रेशन卐 विषय पर एक प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में स्नातक एवं परास्नातक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। प्रतिभागियों को पूर्व में वस्त्रों के विभिन्न टेक्सचर पर आधारित डिजाइनिंग की थीम प्रदान की गई थी, जिसमें नेचुरल, ज्योमेट्रिकल, एब्स्ट्रैक्ट एवं स्टाइलाइज्ड डिज़ाइन के साथ ही टाई-एंड-डाई, बाटिक इत्यादि प्रभाव भी शामिल थे। प्रतिभागियों ने पहले हस्त-निर्मित फैशन इलस्ट्रेशन तैयार किए, तत्पश्चात उन्हें ए.आई. टूल्स की सहायता से




डिजिटल स्वरुप में परिवर्तित किया।इसके साथ ही, उपयोग किए गए प्रॉम्प्ट्स को भी स्पष्ट रूप से प्रस्तुत किया गया। प्रतियोगिता का मूल्यांकन निर्णायक मंडल द्वारा किया गया, जिसमें संचार एवं प्रसार शिक्षा विभाग की डॉ. संघमित्रा मोहापात्रा, संसाधन प्रबंधन एवं उपभोक्ता विज्ञान विभाग की डॉ. अलेना तथा परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग की डॉ. एकता शर्मा शामिल रहीं। निर्णायकों ने प्रतिभागियों की रचनात्मकता, प्रस्तुति कौशल, ए.आई. के प्रभावी उपयोग के साथ ही उपयोग किए गए प्रॉम्प्ट्स के आधार पर मूल्यांकन किया।कार्यक्रम का सफल आयोजन परिधान एवं वस्त्र विज्ञान विभाग की प्राध्यापक डॉ. एकता शर्मा एवं विभाग प्रभारी डॉ. अर्चना सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन टीचिंग एसोसिएट डॉ. अंकिता यादव द्वारा सुचारु रूप से किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता पद का कार्यभार संभाल रहीं डॉ. मुक्ता गर्ग विशेष रूप से उपस्थित रहीं तथा उन्होंने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया।

यह आयोजन विद्यार्थियों में रचनात्मकता, फैशन की सौंदर्यपरक समझ तथा ए.आई. आधारित डिजिटल कौशल को प्रोत्साहित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम रहा।

हिन्दी दैनिक

R.N.I. N0.UPHIN/2008/29290

# प्रदेश प्रहरी

उत्तर–प्रदेश में अग्रिणिम ख्याति प्राप्त समाचार पत्र

Email: dainikpp@gmail.com

# सीएसए की पुरानी प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करने हेतु सभी सदस्य हुए दृढ़ संकल्पित

(संवाददाता) कानपुर नगर (प्रदेश प्रहरी) चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के नवागंतुक कुलपति डॉ संजीव गुप्ता ने विश्वविद्यालय स्थित कैलाश भवन प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय परिवार (शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक संवर्ग) के सभी सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय का पुराना गौरव वापस लाने के लिए आवश्यक है कि हम सभी मिलजुल कर शोध, प्रसार एवं शिक्षण कार्य करें। जिससे कृषि विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुनः ख्याति प्राप्त कर सके। कुलपति ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के रिक्त पदों पर शासन से अनुमति उपरांत भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होगी। कुलपति डॉ गुप्ता ने कृषि नवाचार जैसे प्राकृतिक खेती,आधुनिक तकनीक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के उपयोग पर बल दिया।जिससे कृषि लागत में कमी और संसाधनों के कुशल उपयोग से फसल उत्पादकता में वृद्धि ह। इस अवसर पर डॉक्टर सी एल मौर्य,डॉक्टर विजय कुमार यादव, डॉ महक सिंह,डॉक्टर कौशल कुमार, डॉ वी के त्रिपाठी, डॉ मुकेश श्रीवास्तव सहित सभी अधिकारी, वैज्ञानिक सहित अन्य सभी विश्वविद्यालय सदस्य उपस्थित रहे।



राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक लखनऊ, कानपुर नगर, गोरखपुर, प्रयागराज से एक साथ प्रकाशित R.N.I.No.UPHIN/2021/84863

# भोलेनाथ टाइम्स

वर्ष : 05 अंक : 118
कानपुर नगर, बुधवार,
22 अप्रैल 2026
मूल्य : 2 रुपया
पृष्ठ : 06

Email: bholenathtimes@gmail.com

कानपुर नगर से प्रकाशित

# सीएसए की पुरानी प्रतिष्ठा को पुनर्स्थापित करने हेतु सभी सदस्य हुए दृढ़ संकल्पित

**कानपुर नगर(बीएनटी संवाददाता)।** चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी



विश्वविद्यालय के नवागंतुक कुलपति डा. संजीव गुप्ता ने विश्वविद्यालय स्थित कैलाश भवन प्रेक्षागृह में विश्वविद्यालय परिवार (शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक संवर्ग) के सभी सदस्यों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कृषि विश्वविद्यालय का पुराना गौरव वापस लाने के लिए आवश्यक है कि हम सभी मिलजुल कर शोध, प्रसार एवं शिक्षण कार्य करें। जिससे कृषि विश्वविद्यालय अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पुनः ख्याति प्राप्त कर सके। कुलपति ने यह भी कहा कि विश्वविद्यालय के रिक्त पदों पर शासन से अनुमति उपरांत भर्ती प्रक्रिया शीघ्र प्रारंभ होगी। कुलपति डा. गुप्ता ने कृषि नवाचार जैसे प्राकृतिक खेती, आधुनिक तकनीक और टिकाऊ कृषि पद्धतियों के उपयोग पर बल दिया। जिससे कृषि लागत में कमी और संसाधनों के कुशल उपयोग से फसल उत्पादकता में वृद्धि ह। इस अवसर पर डा. सी एल मौर्य, डा. विजय कुमार यादव, डा. महक सिंह, डा. कौशल कुमार, डा. वी के त्रिपाठी, डा. मुकेश श्रीवास्तव सहित सभी अधिकारी, वैज्ञानिक सहित अन्य सभी विश्वविद्यालय सदस्य उपस्थित रहे।